# पाठ-5 चिट्ठियों की अनूठी दुनिया

सार-आधारित प्रश्न **(Extract Based Questions)**

(1)पत्रों की दुनिया भी अजीबो-गरीब है और उसकी उपयोगिता हमेशा से बनी रही है। पत्र जो काम कर सकते हैं, वह संचार का आधुनिकतम साधन नहीं कर सकता है। पत्र जैसा संतोष फोन या एसएमएस का संदेश कहाँ दे सकता है। पत्र एक नया सिलसिला शुरू करते हैं और राजनीति, साहित्य तथा कला के क्षेत्रों में तमाम विवाद और नयी घटनाओं की जड़ भी पत्र ही होते हैं। दुनिया का तमाम साहित्य पत्रों पर केंद्रित है और मानव सभ्यता के विकास में इन पत्रों ने अनूठी भूमिका निभाई है।

प्रश्न 1. उपर्युक्त गद्यांश के पाठ का नाम और लेखक का नाम लिखिए।
(क) गद्यांश के पाठ का नाम- ध्वनि, लेखक- सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'।
(ख) गद्यांश के पाठ का नाम- चिट्ठियों की अनूठी दुनिया, लेखक का नाम- अरविंद कुमार सिंह।
(ग) गद्यांश के पाठ का नाम- भगवान के डाकिए, लेखक- रामधारी सिंह दिनकर।
(घ) गद्यांश के पाठ का नाम- दीवानों की हस्ती, लेखक- भगवतीचरण वर्मा ।

प्रश्न 2. आधुनिक संचार के साधन होते हुए भी पत्रों का स्थान महत्वपूर्ण क्यों है?
(क) गोपनीय होते हैं।
(ख) स्थायी होते हैं।
(ग) ये पूरी तरह भावनात्मक होते हैं।
(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 3. एस०एम०एस० का अर्थ क्या होता है?
(क) मोबाइल फ़ोन द्वारा भेजा गया लिखित संदेश
(ख) मोबाइल फ़ोन से की गई बातचीत
(ग) चिट्टियों द्वारा भेजा गया संदेश
(घ) तार द्वारा भेजा गया संदेश

प्रश्न 4. पत्रों की विशेषता होती है?
(क) ये लिखित और गोपनीय होते हैं
(ख) ये पूर्ण गोपनीय होते हैं
(ग) ये लिखित व भाव रहित होते हैं
(घ) ये स्थायी होते हैं।

प्रश्न 5. पत्र किन-किन क्षेत्रों पर अपना प्रभाव डालते हैं?
(क) साहित्य के क्षेत्र
(ख) कला के क्षेत्र
(ग) राजनीति क्षेत्र
(घ) उपर्युक्त सभी

(2)विश्व डाक संघ की ओर से *16* वर्ष से कम आयुवर्ग के बच्चों के लिए पत्र लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित करने का सिलसिला सन् *1972* से शुरू किया गया। यह सही है कि खास तौर पर बड़े शहरों और महानगरों में संचार साधनों के तेज विकास तथा अन्य कारणों से पत्रों की आवाजाही प्रभावित हुई है पर देहाती दुनिया आज भी चिट्ठियों से ही चल रही है। फैक्स, ई-मेल, टेलीफोन तथा मोबाइल ने चिट्ठियों की तेजी को रोका है पर व्यापारिक डाक की संख्या लगातार बढ़ रही है।

प्रश्न 1. विश्व डाक संघ की ओर से क्या व्यवस्था की गई?
(क) पत्र भेजने के लिए डाकिये
(ख) पत्र लेखन प्रतियोगिताएँ
(ग) पत्र लिखने की परंपरा
(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 2. पत्र लेखन प्रतियोगिता कब शुरू की गई?
(क) 1971 से
(ख) 1972 से
(ग) 1973 से
(घ)1 977 से

प्रश्न 3. पत्रों की आवाजाही प्रभावित होने का कारण क्या है?
(क) लोगो को अब खत भेजने का मन नही करता
(ख) संचार के साधनों में कमी आना
(ग) डाकियों की कमी
(घ) संचार के साधनों का बढ़ जाना

प्रश्न 4. ग्रामीण क्षेत्रों में पत्र क्यों परस्पर जुड़े हैं?
(क) लोगों का पत्रों से लगाव का होना
(ख) संचार के साधनों का विकास न होना
(ग) डाकियों की कमी
(घ) लोगों में संचार साधनों के ज्ञान में कमी

(3)आज देश में ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो अपने पुरखों की चिट्ठियों को सहेज और सँजोकर विरासत के रूप में रखे हुए हों या फिर बड़े-बड़े लेखक, पत्रकारों, उद्यमी, कवि, प्रशासक, संन्यासी या किसान, इनकी पत्र रचनाएँ अपने आप में अनुसंधान का विषय हैं। अगर आज जैसे संचार साधन होते तो पंडित नेहरू अपनी पुत्री इंदिरा गांधी को फोन करते, पर तब पिता के पत्र पुत्री के नाम नहीं लिखे जाते जो देश के करोड़ों लोगों को प्रेरणा देते हैं। पत्रों को तो आप सहजेकर रख लेते हैं पर एसएमएस संदेशों को आप जल्दी ही भूल जाते हैं। कितने संदेशों को आप सहेजकर रख सकते हैं? तमाम महान हस्तियों की तो सबसे बड़ी यादगार या धरोहर उनके द्वारा लिखे गए पत्र ही हैं।
प्रश्न 1. लोग अपने पुरखों की चिट्ठियों को किस रूप में संजोकर रखते हैं?
(क) लोगो को दिखाने के लिए
(ख) यादगार के रूप में
(ग) विरासत के रूप में
(घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 2. पंडित नेहरू जी किसे पत्र लिखा करते थे?
(क) अपनी पुत्री इंदिरा जी को
(ख) लालू जी को
(ग) गांधी जी को
(घ) लोगों को

प्रश्न 3. अगर नेहरू जी के समय में आज जैसे संचार के साधन होते तो वे क्या करते?
(क) पत्र लिखते
(ख) ई-मेल करते
(ग) एस०एम०एस०

(घ) फोन करते

प्रश्न 4. नेहरू जी के पत्र से हमें क्या मिलती हैं?
(क) प्रेरणा
(ख) उमंग
(ग) शिक्षा
(घ) भक्ति

(4)पत्र व्यवहार की परंपरा भारत में बहुत पुरानी है। पर इसका असली विकास आजादी के बाद ही हुआ है। तमाम सरकारी विभागों की तुलना में सबसे ज्यादा गुडविल डाक विभाग की ही है। इसकी एक खास वजह यह भी है कि यह लोगों को जोड़ने का काम करता है। घर-घर तक इसकी पहुँच है। संचार के तमाम उन्नत साधनों के बाद भी चिट्ठी-पत्री की हैसियत बरकरार है।
प्रश्न 1. पत्र-व्यवहार का प्रचलन कब से हुआ?
(क) आजादी के बाद से
(ख) मध्यकाल से
(ग) पुराने जमाने से
(घ) आधुनिक काल से

प्रश्न 2. सरकारी विभागों में सबसे ज्यादा मान्यता संचार साधनों के किस विभाग को है?
(क) नगर निगम विभाग को
(ख) डाक विभाग को
(ग) वाटर विभाग को
(घ) संचार विभाग को

प्रश्न 3. डाकिए को किस नाम से जाना जाता है?
(क) देवदूत
(ख) अन्य
(ग) संदेशवाहक
(घ) भगवान

प्रश्न 4. मनीआर्डर क्या होता है?
(क) पैसे का आर्डर
(ख) डाक से धन कैसे प्राप्त करें
(ग) डाक व्यवस्था से एक स्थान से दूसरे स्थान पर डाकिए द्वारा धन उपलब्ध कराना
(घ) इनमें से कोई नहीं

## बहुविकल्पीय प्रश्न **(Multiple Choice Questions)**

प्रश्न **1.** 'चिट्ठियों की अनूठी दुनिया' पाठ के लेखक का नाम बताइए।
(क) रामदरश मिश्र
(ख) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(ग) भगवतीचरण वर्मा
(घ) अरविंद कुमार सिंह

प्रश्न **2.** किस की उपयोगिता हमेशा से बनी रही है**?**
(क) कलमों की
(ख) मोबाइल की

(ग) किताबों की
(घ) पत्रों की

प्रश्न **3.** 'आधुनिकतम' शब्द का क्या अर्थ है**?**
(क) पुराने ज़माने के
(ख) नये ज़माने के
(ग) सारे ज़माने के
(घ) आधे ज़माने के

प्रश्न **4.** पत्र को तमिल में क्या कहते हैं**?**
(क) कडिद
(ख) कागद
(ग) खत
(घ) लेख

प्रश्न **5.** विश्व डाक संघ की ओर से पत्र लेखन प्रतियोगिता कब आरंभ हुई**?**
(क) सन 1972
(ख) सन 1963
(ग) सन 1986
(घ) सन 1991

प्रश्न **6.** पहले लोगों के संचार का इकलौता साधन क्या था**?**
(क) मोबाइल
(ख) टेलीफोन तार
(ग) चिट्ठी
(घ) रेडियो

प्रश्न **7.** किसके लिखे पत्र देश के करोड़ों लोगों को प्रेरणा देते हैं**?**
(क) महात्मा गांधी द्वारा अपने पुत्र को
(ख) नेताओं द्वारा देशवासियों को लिखे खुले पत्र
(ग) जवाहरलाल नेहरू द्वारा अपनी पुत्री को लिखे पत्र
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

प्रश्न **8.** तेलुगु में पत्र को क्या कहते हैं**?**
(क) उत्तरम्
(ख) जाबू
(ग) लेख
(घ) उपरोक्त सभी

प्रश्न **9.** महात्मा गांधी और रवींद्रनाथ टैगोर के बीच हुआ पत्राचार का संग्रह किस नाम से प्रकाशित हुआ**?**
(क) महात्मा और कवि
(ख) महात्मा
(ग) कवि के खत महात्मा के नाम
(घ) गुरु के खत कवि के नाम

प्रश्न **10.** गांवों या गरीब बस्तियों में डाकियों को किस रूप में देखा जाता है**?**
(क) अतिथि जन

(ख) मेहमान
(ग) देवदूत
(घ) साधारण व्यक्ति

<u>एक वाक्य में उत्तर दीजिए</u>

प्रश्न **11.** ‘प्रशस्तिपत्र’ शब्द का क्या अर्थ है**?**

प्रश्न **12.** मानव सभ्यता के विकास में किस ने अनूठी भूमिका निभाई है**?**

प्रश्न **13.** दूरदराज के इलाकों में आज भी किस का बेसब्री से इंतजार किया जाता है**?**

प्रश्न **14.** भारत में प्रतिदिन कितनी चिट्टियां डाक में डाली जाती हैं**?**

प्रश्न **15.** पंत जी ने बच्चन को कितने पत्र लिखे थे**?**

प्रश्न **16.** सारे सरकारी विभागों में सबसे ज्यादा गुडविल कौन से विभाग की है**?**

प्रश्न **17.** महात्मा गांधी के पास दुनिया भर से आए तमाम पत्रों के पते पर क्या लिखा होता था**?**

प्रश्न **18.** नए लेखकों को कौन बहुत प्रेरक जवाब देते थे**?**

प्रश्न **19.** पत्र संस्कृति विकसित करने के लिए स्कूली पाठ्यक्रमों में कौन सा विषय शामिल किया गया**?**

प्रश्न **20.** कन्नड़ में पत्र को क्या कहते हैं**?**